हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 1 जुलाई, 2025

9 अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी निष्ठा एवं....

10 मांगें नहीं मानने पर बिफरी चौधरी बंसीलाल ...









## खबर संक्षेप

### श्रीदक्ष प्रजापति महाराज की जयंती पर शिविर कल

**भिवानी।** नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के तत्वावधान में श्रीदक्ष प्रजापति महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में 2 जुलाई बुधवार को सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक चौधरी बंसीलाल सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी व पार्षद विनोद प्रजापति ने बताया कि कैंप में मुख्यतिथि के रूप में विधायक घनश्यामदास सर्राफ होंगे।

### लोहारू में जगन्नाथ यात्रा तीन को

**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ लोहारू द्वारा 3 जुलाई को लोहारू में होने वाले भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महामहोत्सव में इस बार गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गोदारा भी पूरी टीम के साथ भाग लेंगे। यह आयोजन सुमित्रा चौधरी के तत्वावधान में हो रहा है। यात्रा को लेकर निमंत्रण अभियान भी चलाया हुआ है, जिसके तहत विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने का न्योता दिया जा रहा है।


भिवानी। लक्ष्य चोपड़ा को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### नीट पास करने वाले लक्ष्य चोपड़ा को किया सम्मानित

**भिवानी।** सुंगरपुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें गांव के होनहार छात्र लक्ष्य चोपड़ा को नीट परीक्षा में सफलता पाने पर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में आयाम कोचिंग सेंटर, सीकर तथा गांव के सम्मानित नागरिकों ने भाग लिया। सभी उपस्थितों ने लक्ष्य को आशीर्वाद देकर उसकी उपलब्धि की सराहना की। अकादमिक डायरेक्टर रवि मंडिया, विजय कसाना, संदीप चौधरी, प्रदीप डूडी सहित कई वरिष्ठ प्रतिनिधि विशेष रूप से कार्यक्रम में पधारे।

## आज से स्कूलों में लौटेगी रौनक

# छुट्टी के दिन पूरे, अब पढ़ाई पर होगा फोकस

शिक्षकों ने छुट्टियों से पहले बच्चों को होमवर्क दिया था। होमवर्क चेक होगा और साथ में आगे की पढ़ाई की प्लानिंग का भी खाका खींचा जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी/बवानीखेड़ा

अब ग्रीष्मावकास खत्म हुए, पहली जुलाई (मंगलवार) को 30 दिनों के अंतराल के बाद स्कूलों में रौनक लौटने वाली है। स्कूल खोले जाने की सारी व्यवस्थाएं व तैयारियां मुक्कमल हो चुकी है। मसलन स्कूल खुलने से पहले सफाई व्यवस्था दुरुस्त व पानी की टंकी में पानी व अन्य मूलभूत सुविधाएं पूरी करवाई जानी शामिल है। बच्चों की छुट्टियां पूरी हो चुकी है, अब केवल पढ़ाई पर ही फोकस रहेगा। चूंकि शिक्षकों ने छुट्टियों से पहले बच्चों को होमवर्क दिया था। होमवर्क चेक होगा और साथ में आगे की पढ़ाई की प्लानिंग का भी खाका खींचा जाएगा। इसी योजना के तहत सोमवार को ही स्कूल मुखियाओं ने स्कूलों में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही स्कूल परिसर में कोई कमी दिखी तो तत्काल सफाई कर्मचारी से पूरी करवाई गई।

उल्लेखनीय है कि छुट्टियां शुरू होने के कुछ दिनों बाद शिक्षा विभाग ने प्रत्येक स्कूल मुखिया को पत्र भेजकर स्कूल की सफाई, पानी की टंकी सफाई व उसमें पानी डलवाना व अन्य व्यवस्थाओं की जांच करवाए जाने के निर्देश दिए थे। साथ ही यह भी निर्देश दिए थे कि जिन स्कूलों के भवनों की छत जर्जर है या उनमें बारिश के दिनों में टपका आता है तो उसकी मरम्मत करवाई जाए। ताकि बारिश के दिनों में बच्चों की किसी भी सूरत में पढ़ाई प्रभावित न हो पाए। अब देखना ये है कि इन दिनों में कितने स्कूल मुखियाओं ने स्कूलों में पहुंचकर वहां की सफाई व अन्य कार्यों की जांच की। इसकी जानकारी तो स्कूल खुलने के बाद ही पता चल पाएगी।





बवानीखेड़ा। स्कूल की सफाई करता एक सफाई कर्मचारी।

### सुबह आठ बजे खुलेंगे सभी स्कूलः बीईओ

बवानीखेड़ा खंड के कार्यवाहक बीईओ आनंद शर्मा ने बताया कि स्कूल निर्धारित शैडयूल के हिसाब से खुलेंगे। सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर ढाई बजे तक खुलेंगे। बच्चों की नियमित पढ़ाई करवाई जाएगी। साथ ही छुट्टियों के दौरान जो होमवर्क दिया था। वह चेक किया जाएगा। अब स्कूलों में पढ़ाई पर फोकस रहेगा।

## सीनियर स्टेट मुक्केबाजी में सौरभ ने जीता स्वर्ण पदक



**भिवानी।** पंचकूला में 26 से 29 जून तक हुई लड़के व लड़कियों की हरियाणा सीनियर स्टेट मुक्केबाजी प्रतियोगिता में गांव मिताथल खेल स्टेडियम में कोच कप्तान बेनिवाल व कोच अजय के मार्गदर्शन में अभ्यासरत्त मुक्केबाज सौरभ ने 55 किलोग्राम भारवर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। मुक्केबाज सौरभ की उपलब्धि पर न केवल गांव मिताथल, बल्कि मिनी क्यूबा भिवानी के समस्त खेलप्रेमियों में खुशी है। कोच कप्तान बेनिवाल और अजय की जोड़ी ने सौरभ की प्रतिभा को पहचाना और उसे लगातार तराशते रहे, उनकी कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण ने सौरभ को इस स्तर तक पहुंचने में मदद की है। सौरभ की जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह उनके कोचों और मिताथल स्टेडियम में दिए जा रहे उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण का भी प्रमाण है। उन्होंने सौरभ की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि सौरभ ने प्रतियोगिता के दौरान असाधारण क्षमता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। उनकी जीत से क्षेत्र के अन्य युवा मुक्केबाजों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी खेल में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित होंगे।




### पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने लिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता रीनू को किया सम्मानित

**भिवानी।** पढ़ाई और खेल के खर्च के लिए जूस की रेहड़ी लगाने वाली पुराना बस स्टैंड के नजदीक कुम्हारों की ढ़ाणी निवासी जुझारू खिलाड़ी रीनू को पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने सम्मानित किया। रीनू बीते दिनों हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में हुई स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने पर सोमवार को रोहतक गेट पर पहुंची, जहां उन्हें ट्रस्ट ने सम्मानित किया। संभ्रवाल ने कहा कि रीनू की उपलब्धि उनके असाधारण दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आर्थिक तौर पर कमजोर परिवार से आने वाली रीनू ने कभी हार नहीं मानी तथा आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भी अपनी पढ़ाई व स्ट्रेंथ लिफ्टिंग के अपने जुनून को जारी रखा। हर सुबह वह अपनी जूस की रेहड़ी लगाती हैं और उससे होने वाली कमाई से अपनी शिक्षा एवं खेल प्रशिक्षण का खर्च उठाती हैं। रीनू जैसी खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं रीनू ने सम्मान मिलने पर अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि ये सम्मान मुझे और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

**ये रहे मौजूद** : इस अवसर पर विरेंद्र मिंटू, रोहित, श्रीनिवास, आरिफ, संदीप मेहरा, शशी, सचिन, संदीप रंगा, दीपक मास्टर, साहिल, अभिषेक मिताथल, रविन्द्र रंगा, अमन कोहाड़ आदि मौजूद रहे।

ADARSH MAHILA MAHAVIDYALAYA
HANSI GATE, BHIWANI
(Affiliated to CBLU, Bhiwani) Website: dev.ammb.ac.in
REQUIREMENT
Walk in Interview for various posts of Assistant Professors on contract basis for the session 2025-26 in the following subjects as per dates mentioned against each (preferably female) at 10:00 a.m. in the office of the Principal, Adarsh Mahila Mahavidyalaya, Bhiwani. The candidates are required to download a proforma from the link https://shorturl.at/t39Ut and submit the same to the selection committee with complete details of Educational Qualification and supporting documents showing the eligibility for the said posts.

| S.N. | Name of subjects | Date of Interview |
|---|---|---|
| 1. | Comp. Science, Physics, Economics | 04/07/2025 |
| 2. | Commerce, Hindi, Zoology | 05/07/2025 |
| 3. | Psychology, Botany, Chemistry | 07/07/2025 |
| 4. | Home Sci., Music, Fine Arts, Physical Education | 08/07/2025 |

Number of vacancies may vary as per workload. Remuneration is negotiable. No TA/DA will be paid for attending Walk in Interview.
Dr. Alka Mittal
Principal

## बारिश ने तोड़े रिकार्ड, गाडिया लोहार बस्ती में घुसा पानी

# दुकानों में पानी घुसने से सामान हुआ खराब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में रविवार सांय हुई मुसलाधार बारिश ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए। ऐसा कोई स्थान नहीं बचा जहां पानी जमा ना हुआ हो। गलियां, सड़के पानी से लबालब हो गई। जहां एक दिन पहले हरिभूमि ने समाचार पत्र में प्रकाशित किया था कि अबकि बार बारिश आई तो गाड़िया लोहार बस्ती डूब सकती है और वही हुआ। रविवार की मुसलाधार बारिश ने गाडिया लोहार बस्ती को अपनी चपेट में ले लिया और बस्ती के लोगों ने अपने घरों का सामान निकालकर अन्य स्थानों पर आशियाना बनाया। शहर की प्रचलित वीके फोटोस्टेट के पीछे खाली पड़े टैक्सी स्टैंड ने बारिश के कारण तालाब का रूप धारण कर लिया। शहर का पूरा पानी इस मैदान मे आने से ये लबालब हो गया। रविवार छुट्टी होने के कारण नगर पालिका सफाई कर्मचारी भी असहज दिखे कार्यदिवस में सफाई कर्मचारी बारिश में अपने कार्य को अमलीजामा पहनाते हैं। लोगों ने बताया कि जब तक सीवरेज व गंदे पानी की निकासी का स्थाई बंदोबस्त नहीं होगा शहरवासियों को ऐसी समस्याओं का सामना हर बार करना पड़ेगा। वहीं नपा प्रधान सुंदर अत्री, नपा सचिव संदीप गर्ग द्वारा शहर में जमा पानी का फीडबैक लिया और तुरंत प्रभाव से राजकीय महिला कॉलेज के पास पंप लगवाकर पानी की निकासी का इंतेजाम किया जिससे दुकानों व रोड़ पर जमा पानी निकलने लगा और लोगों ने राहत की सांस ली।



### समाधान करवाया जाएगा


इस बारे में नपा प्रधान सुंदर अत्री, नपा सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि टैंडर लगते ही सीवरेज व बारिश के पानी की निकासी का समाधान करवाया जाएगा ताकि भविष्य में दिक्कत न हो। हालिया पंप लगाकर पानी निकाला जा रहा है।



रोहतक, मंगलवार
1 जुलाई 2025

हरिभूमि सहेली





# लव स्कैम
## इस धोखेबाजी से बचें


सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कौन, कब दोस्त बनकर हमारे साथ खेल खेलने लगे, कुछ पता नहीं। इन जालसाजों के जाल में लड़कियां ही नहीं, मैच्योर महिलाएं भी भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार हो रही हैं। इसलिए अनजाने लोगों से जुड़ने में सजगता बहुत जरूरी है।

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर स्नेह भरे जुड़ाव के नाम पर हर एज ग्रुप की महिलाएं छलावे का शिकार हो रही हैं। अनदेखे-अनजाने चेहरों के वादों और दावों की जालसाजी उनके जज्बातों के साथ खिलवाड़ ही नहीं करती, आपराधिक घटनाओं का भी कारण बनती है। सोशल मीडिया में प्रेम जताने, मन भटकाने के नाम पर लव स्कैम या रोमांस स्कैम के रूप में होने वाली धोखेबाजी के मामले खूब सामने आ रहे हैं। इतना ही नहीं फाइनेंशियल स्कैम भी हो रहे हैं। ऐसे में सभी वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर महिलाओं का सजग रहना जरूरी है।

**सोची-समझी चालबाजी:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी तरह के शोषण और धोखाधड़ी का खेल खेलने वाले लोग सोच-समझकर जाल बिछाते हैं। गांवों-कस्बों से लेकर मेट्रो सिटीज तक, बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी जालसाजी का शिकार भी हो रही हैं। खासकर इमोशनल जुड़ाव की भूल-भुलैया में हर आयु वर्ग की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी हो रही है। पिछले कुछ समय चर्चा में आई 'पिग बुचरिंग स्कैम' की स्ट्रेटेजी में महिलाओं के साथ सोची-समझी चालबाजी से जालसाजी की जा रही है। असल में 'पिग बुचरिंग स्कैम' की धोखाधड़ी को समझने से लिए बूचड़खाने का उदाहरण दिया जाता है। जैसे बाड़े में जानवर को देखभाल के साथ रखते हुए स्नेह-संभाल करने के बाद उसका जीवन छीन लिया जाता है, वैसे ही इस तरह ठगी करने वाले पहले विश्वास जीतने का खेल खेलते हैं। धोखा देने से पहले इस जालसाजी में क्लोज फ्रेंडशिप और प्रेम भरे जुड़ाव का पहलू भी शामिल होता है। झूठे प्रेम के नाम पर पूरी प्लानिंग के साथ ऐसी धोखाधड़ी का खेल खेला जाता है। महिला मित्रों के साथ सधे-सहज ढंग से रिश्ते जोड़कर प्रेम के नाम पर संवाद करते हुए धोखाधड़ी के भंवर में फंसाया जाता है। जिसके चलते बहुत-सी स्त्रियां भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार बन जाती हैं।



**इमोशनल फ्रंट पर धोखा:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर होने वाली धोखेबाजी के अधिकतर मामलों में सबसे पहले भरोसा जीतने के लिए दोस्ती और प्रेम का ही सहारा लिया जाता है। फिर फाइनेंशियली ठगने के लिए धमाकेदार रिटर्न का वादा करते हुए पैसे इंवेस्ट करवाए जाते हैं या शारीरिक-मानसिक शोषण के लिए निजी बातें और जानकारियां पूछी जाती हैं। सरहदों की दूरियां मिटाकर दुनिया के हर कोने में बसे लोगों को जोड़ने वाली वर्चुअल दुनिया में जालसाजी का यह रंग-ढंग ग्लोबल लेवल पर विस्तार पा रहा है। यही वजह है कि भावनात्मक दिशाहीनता से जुड़े ठगी के ऐसे मामलों में आभासी दुनिया में विशेष सतर्कता की दरकार है। आमतौर पर सोशल मीडिया मंचों पर जाली प्रोफाइल बनाकर भी महिलाओं को प्यार के चंगुल में फंसाया जाता है। कुछ समय पहले दिल्ली के 23 वर्षीय लड़के ने खुद को ब्राजीलियन मॉडल बताकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स बंबल और स्नैपचैट पर 700 लड़कियों से भावनात्मक जुड़ाव बनाकर अपने जाल में फंसाया। उसने 18 से 30 साल की महिलाओं से मित्रता बढ़ाकर निजी तस्वीरें भेजने के लिए मना लिया। तस्वीरें भेजने वाली लड़कियों और महिलाओं को ब्लैकमेल करने के इरादे से खेले गए खेल में उसने तस्वीरों को इंटरनेट पर वायरल करने या डार्क वेब पर बेचने की धमकी देकर पैसे लिए। समझना कठिन नहीं कि ऐसे मामले भी कहीं ना कहीं महिलाओं के भावनात्मक दोहन से ही जुड़े होते हैं। झूठे प्रेम का जाल बुनकर अंजाम दिए जाते हैं। जरूरी है कि महिलाएं व्यावहारिक धरातल पर सोचें। सोशल मीडिया के आभासी संसार में प्यार के भ्रम भरे उलझाऊ संबंधों के घेरे में ना आएं।

**अनगिनत खामियाजे:** झूठे प्रेम की वर्चुअल धोखाधड़ी असली दुनिया में सब कुछ उजाड़ देती है। इस सोचे-समझे जाल को समय रहते समझ कर इसके जाल में फंसने से पहले संभल जाइए। यह कटु सच है कि मौजूदा दौर में असल दुनिया से लेकर वर्चुअल दुनिया तक, खुद को भावनात्मक रूप से मजबूत रखना जरूरी हो गया है। यह समझना जरूरी है कि प्रेम यूं तलाशने या आंख बंद कर किसी की बातों में आ जाने से नहीं मिलता। यह फरेब तो महिलाओं से बहुत कुछ छीन लेता है। पैसे ऐंठने से लेकर ब्लैकमेलिंग का भय दिखाने तक, धन, सुकून और संबंधों में खटास आने जैसे अनगिनत नुकसान झेलने पड़ते हैं। जालसाजी के ऐसे मामलों में कई बार ब्लैकमेलिंग पैसे ऐंठने तक ही सीमित नहीं रहती। महिलाओं को शारीरिक शोषण और दूसरे लोगों को ठगने के खेल में शामिल होने के लिए भी मजबूर किया जाता है। यह सच है कि ऑनलाइन संसार से बढ़ती कनेक्टिविटी ने युवतियों-किशोरियों के लिए नहीं, बड़ी उम्र की महिलाओं के लिए भी मेलजोल का एक नया संसार खोला है। ऐसे में डिजिटल क्रांति से जुड़ा बदलाव पर्सनल फ्रंट पर पहले से कहीं ज्यादा ठहराव और समझ की मांग करता है। सोशल मीडिया और डेटिंग एप्स की डिजिटल दुनिया ने प्रेमपगे गठजोड़ के नए रंग हमारे सामने रखे हैं। रोमांस और ठगी की भाषा बदल दी है। कुछ लोगों के लिए यह जुड़ाव इरादतन खेला गया खेल होता है। दूर बैठे चेहरे गुमराह करने लगते हैं। हर दिन सामने आते धोखेबाजी के किस्से बताते हैं कि अनजान चेहरों से जज्बाती तौर पर जुड़ने के मामले में सजगता बरतनी आवश्यक है।

### ऐसे बचें धोखाधड़ी से

- कभी निजी जीवन की चर्चा ना करें।
- अनजान लोगों के साथ चैटिंग करने से बचें।
- भावनात्मक-पारिवारिक कमजोरियों का जिक्र कभी ना करें।
- तस्वीरें शेयर करते समय अवेयर रहें।
- वर्चुअल फ्रेंड्स से पर्सनली मिलने की जानकारी अपनों को भी दें।
- जालसाजी में फंस जाएं तो फैमिली मेंबर्स को बताने में देरी न करें।
- अपनी या परिजनों की लोकेशन कभी साझा न करें।

# पॉजिटिव सोच के साथ करें हर नए दिन की शुरुआत

अगर आप रोज सुबह पॉजिटिव रहें तो आपका हर दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। हम बता रहे हैं कुछ सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय, जो हर सुबह को आशावादी, ऊर्जावान और सार्थक बना सकते हैं।

लाइफस्टाइल

अनीता जैन



हर सुबह हमारे जीवन में एक नया अवसर लेकर आती है- नई ऊर्जा, नई उम्मीद और एक नई दिशा चुनने का संकल्प। जिस प्रकार सूरज हर दिन नई रोशनी के साथ उदित होता है, ठीक वैसे ही हर व्यक्ति को हर सुबह अपने जीवन में सकारात्मकता का प्रकाश भरने का अवसर मिलता है। जीवन की सफलता और मानसिक शांति इस बात पर निर्भर करती है कि हम दिन की शुरुआत किस भाव, सोच और दृष्टिकोण के साथ करते हैं? अगर सुबह की शुरुआत सकारात्मक विचारों, आत्मविश्वास और आभार की भावना के साथ की जाए तो न केवल वह दिन बल्कि जीवन की दिशा भी बदल सकती है।

**हर सुबह एक वरदान है:** इसमें कोई संदेह नहीं कि हर सुबह हमारे लिए किसी वरदान की तरह होती है। अगर हम इसे मुस्कान, आशा और उद्देश्य के साथ अपनाएं, तो हर दिन सफलता और सुख की ओर पहला कदम बन सकता है। हमारे विचार, हमारी दिनचर्या और हमारी सोच ही अंततः हमारे भविष्य का निर्माण करती है। इसलिए जरूरी है कि हम दिन की शुरुआत सही सोच के साथ करें।

**सुबह जल्दी जगें:** धार्मिक ग्रंथों में ही नहीं स्वास्थ्य शास्त्रों में भी 'ब्रह्म मुहूर्त' में जागने की महत्ता बताई गई है। सुबह जल्दी उठने से हमें स्वयं के साथ कुछ शांत पल बिताने का अवसर मिलता है। दिन भर की भाग-दौड़ से पहले यह समय आत्मनिरीक्षण और सकारात्मक ऊर्जा को प्राप्त करने का सबसे अच्छा माध्यम है। लेकिन सुबह जल्दी उठकर मोबाइल देखने की बजाय आंख खुलते ही कुछ गहरी सांस लें और ईश्वर को धन्यवाद दें कि उनकी कृपा से आपको एक और दिन मिला है।

**सकारात्मक विचारों को दोहराएं:** दिन की शुरुआत सकारात्मक विचारों से करें। आप अपने लिए कुछ प्रेरणादायक वाक्य दोहरा सकती हैं जैसे- 'आज का दिन मेरे लिए शुभ है।', 'मैं हर परिस्थिति में शांत और संतुलित रहूंगी।', 'हर चुनौती मुझे और बेहतर बनाएगी।', 'हे ईश्वर! मुझसे कोई गलत काम न हो।' ऐसा आत्म-संवाद मन को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास से भर देता है। धीरे-धीरे यह अभ्यास हमारी सोच को सकारात्मक दिशा देने लगता है।

**कृतज्ञता का भाव रखें:** कई बार हम जो कुछ हमारे पास है, उसकी कद्र नहीं करते और जो नहीं है, उसके लिए दुखी रहते हैं। लेकिन अगर हम हर दिन यह सोचें कि हमारे पास क्या-क्या अच्छा है- जैसे परिवार, स्वास्थ्य, भोजन, घर- तो एक संतोष का भाव उत्पन्न होता है। यह कृतज्ञता जीवन को सकारात्मक दृष्टि से देखने की आदत बनाती है।



### करें ध्यान-प्राणायाम

कुछ मिनटों का ध्यान और प्राणायाम हमारी मानसिक स्थिति को बेहतर करता है। यह शरीर को शुद्ध प्राणवायु प्रदान करता है और मन को शांत करता है। जब मन शांत होता है, तो हम परिस्थितियों को अधिक स्पष्टता और सकारात्मकता के साथ देख पाते हैं। मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और दिन भर के कार्यों में उत्साह बना रहता है।

**सकारात्मक संदेश पढ़ें या सुनें:** अखबार, पुस्तक के किसी सकारात्मक आध्यात्मिक विचार से दिन की शुरुआत करने से मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सुबह-सुबह किसी भी प्रकार की नकारात्मकता से बचते हुए, कोई प्रेरणादायक लेख, जीवनियों का अंश या धार्मिक ग्रंथ का श्लोक पढ़ना सकारात्मकता को बढ़ाता है। इसी तरह सकारात्मक भक्ति गीत या मंत्र भी मन को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**दूसरों को दें शुभकामनाएं:** अपने घरवालों को मुस्कराकर 'सुप्रभात' कहें, छोटे से संदेश से दूसरों का दिन भी बेहतर बनाया जा सकता है। जब हम दूसरों को शुभकामनाएं देते हैं या उनके लिए अच्छा सोचते हैं, तो वही ऊर्जा हमारे जीवन में भी लौटती है।

# शादी के बाद जब बेटा-बहू रहना चाहें अलग

अगर बेटे की शादी के बाद बहू से आपकी नहीं निभ रही है, घर में कलह का माहौल रहता है तो बेहतर यही होगा कि बेटे-बहू को अलग रहने की इजाजत दे दें। यह दोनों के हित में है।

सलाह

नम्रता नदीम

अमित की शादी हुई तो पत्नी नमिता ने कुछ ही महीने बाद अलग रहने का डिसीजन ले लिया। नमिता को शिकायत थी, सास का बिहेवियर बहुत बुरा रहता है। वह बात-बात पर टोकती हैं। नमिता को अपने जीवन में सास की जरा-सी भी दखलअंदाजी पसंद नहीं थी। एक महीने तो किसी तरह नमिता ने सास के साथ एडजस्ट किया, लेकिन दो महीने के बाद ही वह अमित के साथ अलग किराए का घर लेकर रहने लगी।

**बहू को चाहिए आजादी:** यह देखा जा रहा है, नई नवेली दुल्हन जो आजाद ख्याल की होती है, उसे अपने जीवन में सास-ससुर का हस्तक्षेप बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होता। वह उनसे अलग रहना चाहती है। यहां यह समझने वाली बात है कि अगर सास-ससुर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं, घर में उनका ख्याल रखने के लिए दूसरे सदस्य हैं तो उन्हें अपने बेटे के सुखी दांपत्य जीवन के लिए अलग रहने का निर्णय स्वीकार लेना चाहिए। बेटे की शादी के बाद अगर उसकी पत्नी और पैरेंट्स के बीच खींचतान रहती है, घर में कलह का माहौल रहता है, ऐसे में समझदारी यही है कि वे अलग जाकर रहें। शादी के बाद अगर बहू अलग रहना चाह रही है तो माता-पिता दुखी, परेशान न हों। बेटे के घर से अलग रहने में कोई बुराई नहीं है। इसकी चिंता न करें कि कौन क्या कहेगा?



**व्यावहारिक सोच रखें:** बेटे-बहू के अलग रहने की बात से कई लोग असहमत हो सकते हैं। उनका तर्क हो सकता है कि बेटे की शादी हम किसलिए करते हैं, ताकि परिवार में सब लोग मिलकर एक-दूसरे के साथ प्यार से रहें। यह उन घरों के लिए तो सही होता है, जहां बहू का मन सास-ससुर के साथ रहने, उनकी सेवा करने और उनके साथ एडजस्टमेंट करने का होता है। लेकिन जिन लड़कियों की सोच सास-ससुर से अलग घर लेकर पति के साथ रहने की होती है, तो इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। बहू को सास-ससुर के साथ अगर घर में रहने से तनाव रहता है, बेटे की शादीशुदा जिंदगी पर ही नहीं बल्कि परिवार के बाकी सदस्यों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है, बेटे-बहू इतना कमाते हैं कि वो आराम से बाहर किराए पर घर लेकर रह सकते हैं तो उन्हें अलग रहने की इजाजत दे देनी चाहिए। इस मामले में व्यावहारिक सोच रखें।

**एक-दूसरे को करें सपोर्ट:** अलग रहने पर अगर बेटे-बहू खुश हैं तो आपको भी खामोशी से अपनी खुशी की राह तलाश लेनी चाहिए। इसमें दोनों तरफ से एक-दूसरे को सहयोग देने की भावना होनी चाहिए। अपने सुख-दुख बांटें, सुबह-शाम फोन पर बात करें। जब जरूरी हो, एक-दूसरे को इमोशनल सपोर्ट दें। जब भी एक-दूसरे को उनकी जरूरत हो तो साथ जाकर रहें। इससे संबंध हमेशा बने रहेंगे।

**मदद लेने में न हिचकें:** यह कभी नहीं भूलें कि बेटे और बहू के साथ आपका करीबी रिश्ता है। एक-दूसरे के प्रति अधिकार और कर्तव्य इसमें इनबिल्ट है यानी, माता-पिता के सामने अगर कोई समस्या आती है, तो वे अपने बच्चों से मदद लेने में संकोच न करें और बेटा-बहू को भी अगर माता-पिता के मानसिक या फाइनेंसियल सपोर्ट की जरूरत है तो वे भी उनसे खुल कर कहें। याद रखें, आपने बेटे-बहू को अलग रहने की आजादी दी है, तो इस बदलाव को मन से स्वीकार करें, इसी में सबकी खुशी है।

**रह सकते हैं साथ भी:** जरूरी नहीं बहू-बेटा अपनी आजादी के लिए कहीं दूसरी जगह जाकर रहें। अगर आपको अपने बेटे से या आपके बेटे को आपसे ज्यादा लगाव है तो आप साथ में रह कर भी बेटे-बहू को पूरी आजादी दे सकते हैं।

**बनाए रखें रिश्ता:** बेटे के अलग हो जाने के बाद भी उससे रिश्ते बनाकर रखें। बेटे को पूरा सहयोग दें ताकि वह अपनी पत्नी के साथ अच्छी बॉन्डिंग बना सके। बेटा-बहू अलग रहते हैं, इसके बावजूद सभी लोग समय-समय पर एक-दूसरे से मिलते-जुलते रहें।

# उमस भरी इस गर्मी में बनी रहेगी ग्लोइंग स्किन


स्किन केयर

चेतना झा

मौसम का हर दौर त्वचा और बालों के लिए अलग तरह की केयर की मांग करता है। बारिश के साथ होने वाली उमस भरी गर्मी के इन दिनों के मौसम में भी अपनी स्किन केयर रूटीन को मौसम के अनुकूल करना चाहिए।

**सीटीएम:** सीटीएम यानी क्लीनिंग, मॉयश्चराइजिंग एंड टोनिंग, इस मौसम में त्वचा की देखभाल का मूलमंत्र है। ऐसी गर्मी में स्किन की क्लीनिंग के लिए हल्के जैल क्लींजर और जैल बेस्ड ही मॉयश्चराइजर का उपयोग करें। लाइट मॉयश्चराइजर आपके पोर्स को बंद नहीं करेंगे।

**एसपीएफ रेंज:** इस सीजन में भी घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना जरूरी है, लेकिन सनस्क्रीन का एसपीएफ कितना हो यह जानना भी जरूरी है। यूरोपियन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी एंड वेनेरोलॉजी और अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी की सलाह के अनुसार सनस्क्रीन एसपीएफ 30 से कम नहीं होना चाहिए।



**जब निकले पसीना:** बाहर अधिक समय रहने, अधिक काम करने या वर्कआउट के बाद पसीना आना स्वाभाविक है। पसीना आने से रोम छिद्रों में तेल और गंदगी जाने की आशंका होती है, इसलिए पसीने के बाद त्वचा की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। इससे रोमछिद्र बंद होने से बचाव होता है। पसीने से भीगी ड्रेस को दुबारा पहनने से पहले साफ जरूर करें।

**शावर जरा कम:** अधिक देर पानी में रहने से शरीर का नेचुरल ऑयल कम हो जाता है और स्किन में ड्रायनेस की समस्या आ जाती है। हॉट शावर लेने की आदत से समस्या और बढ़ जाती है। इस मौसम में दो बार से अधिक नहीं नहाएं और दस मिनट से अधिक शावर न लें।

**इनका भी रखें ध्यान:** गर्मियों में अधिक तापमान, पसीने आदि की वजह से रोम छिद्र खुल जाते हैं। बाहर निकलने पर हाथों पर लगी गंदगी, तेल आदि के संपर्क में जब ये खुले रोम छिद्र आते हैं तो एक्ने की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए चेहरे की त्वचा के साथ हाथों की सफाई पर भी खास ध्यान दें। एक्ने की समस्या हो तो सैलिसिलिक एसिड युक्त या यूकेलिप्टस बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। हयालूरोनिक एसिड और ग्लिसरीन युक्त मॉयश्चराइजर लगाएं। टोनर लाइट और हाइड्रेटिंग हो। एसपीएफ 50 का सनस्क्रीन धूप में निकलने से करीब 20-30 मिनट पहले चेहरे और शरीर के दूसरे खुले हिस्से में लगाएं।

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

# ऐसे करें बच्चों की डेंटल केयर

आप अपने बच्चों की हेल्थ का ध्यान रखने में कोई लापरवाही नहीं बरततीं, लेकिन क्या उनके दांतों की देखभाल भी अच्छी तरह से करती हैं? यहां बताई जा रही बातों को फॉलो करें, इससे बच्चों को कोई डेंटल प्रॉब्लम नहीं होगी।

ओरल हेल्थ

संध्या रानी

अधिकतर बच्चों को चॉकलेट, टॉफी, स्वीट्स, कुकीज खाना और कोल्ड ड्रिंक पीना बेहद पसंद होता है। कई पैरेंट्स अपने बच्चों से किसी बात को मनवाने के लिए चॉकलेट या टॉफी देने का लालच बार-बार देते हैं। मेहमान या रिलेटिव्स भी जब घर आते हैं तो ज्यादातर बच्चों के लिए टॉफी, चॉकलेट, केक, कोल्ड ड्रिंक ही लेकर आते हैं। इससे बच्चों में मीठा खाने की लत लग जाती है। ज्यादा मीठा खाने से उनके दांतों में इंफेक्शन हो जाता है, उसमें दर्द रहने लगता है, गम्स में सूजन या दांतों में सड़न भी हो सकती है।



**दांतों में सड़न के कारण:** चॉकलेट, स्वीट्स, कुकीज, टॉफी और कोल्ड ड्रिंक में शुगर की मात्रा अधिक होने के कारण ये सब बच्चों के लिए नुकसानदायक होते हैं। चॉकलेट चिपचिपी होने की वजह से दांतों में फंस जाती है। इससे दांतों में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं, क्योंकि आमतौर पर बच्चे चॉकलेट खाने और कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद पानी से कुल्ला नहीं करते हैं। इससे दांतों में कैविटी और सड़न भी पैदा होने लगती है। चॉकलेट अधिक खाने से दांत की ऊपरी लेयर सॉफ्ट हो जाती है, जिससे कैविटी बनने की संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं चॉकलेट अधिक खाने से दांत पीले हो जाते हैं और प्लॉक बन जाता है। कोल्ड ड्रिंक में एसिड होने के कारण दांतों की जड़ों को भी बहुत नुकसान पहुंचता है। यह दांत में कैल्शियम की मात्रा कम कर देता है, जिससे दांतों की सड़न और मसूड़ों में सूजन होने की संभावना बढ़ जाती है। मसूड़े में सूजन की वजह से बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं और दांतों में कीड़े भी लग सकते हैं। इससे दूसरे दांतों में भी कीड़ा लगने का खतरा बढ़ जाता है। जो नए दांत निकलने वाले होते हैं, उस पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इस वजह से नए दांत आड़े-तिरछे निकलते हैं। इसके अलावा अधिक चॉकलेट खाने से बच्चों में चिड़चिड़ापन और नींद की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

**कराएं प्रॉपर डेंटल चेकअप:** अगर बच्चे के दांतों में लंबे समय तक कोई समस्या हो तो जल्द से जल्द दांतों के डॉक्टर के पास जाकर चेकअप और ट्रीटमेंट करवाना चाहिए। समय पर इलाज नहीं किया जाए तो दांतों से जुड़ी बीमारी या सड़न उसके अंदरूनी हिस्से तक पहुंच सकती है। इससे दांत पूरी तरह खराब हो सकते हैं, जिन्हें निकलवाना भी पड़ सकता है।



**पैरेंट्स सावधानी बरतें:** आठ-दस साल से कम उम्र के बच्चे नासमझ होते हैं। उन्हें अच्छे और बुरे का ज्ञान नहीं होता है, तो स्वाभाविक है कि उनके लिए माता-पिता को ही विशेष ध्यान रखना होगा। बच्चों को चॉकलेट खाना पसंद होता है, लेकिन इसे ज्यादा खाना कितना हार्मफुल हो सकता है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं होती है। इस बारे में पैरेंट्स को उन्हें समझाना चाहिए। बच्चों को प्यार से समझाएं कि ज्यादा मीठा और चॉकलेट खाने से आपके दांत खराब हो जाएंगे तो आपको डॉक्टर से इंजेक्शन लगवाना होगा। आप खाना भी नहीं खा पाएंगे। अगर खाना ठीक तरह से नहीं खाएंगे तो मजबूत कैसे बनेंगे? ऐसा नहीं है कि बच्चों को चॉकलेट और मीठी चीजें बिल्कुल देना ही बंद कर दें। लेकिन मीठा खाने के बाद उनकी दांतों की साफ-सफाई पर भी जरूर ध्यान दें। अपने बच्चे को मिल्क चॉकलेट की जगह डार्क चॉकलेट दें, क्योंकि इसमें शुगर की मात्रा कम होती है। इसके साथ ही बच्चों को दिन में दो बार ब्रश जरूर कराएं। एक बार सुबह और दूसरी बार रात में खाने के बाद।

**(डेंटिस्ट डॉक्टर अमृत कश्यप से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### पैक्स प्रबंधक जयबीर श्यामकलां को भ्राताशोक

**बाढड़ा।** दी प्राथमिक कृषि सहकारी बाढड़ा प्रबंधक जयबीर श्यामकलां के भाई भरतसिंह का निधन हो गया। उनके निधन पर अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनके आवास पहुंच कर गहरी संवेदना प्रकट की। गांव श्यामकलां निवासी पैक्स प्रबंधक जयबीर सिंह के भाई भरतसिंह पिछले कुछ समय बिमार चल रहे थे। रविवार को उनका निधन हो गया। उनके निधन पर दी केन्द्रिय सहकारी बैंक भिवानी चेयरमैन सुधीर चांदवास, बैंक प्रबंधक राकेश डालावास, हुई पैक्स अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह हुई, सरपंच रमेश कमांडो, पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह, संत श्यामकलां, जितेन्द्र डांडमा इत्यादि ने शोक जताया।

### शिविरों में शिकायतों का हो रहा निपटारा

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर की लंबित शिकायतों की प्रगति को लेकर समय पर अपडेट सुनिश्चित किया जाए और पूर्व में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर जिले में हर सोमवार व वीरवार को समाधान शिविरों को आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभी तक 2941 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का समाधान कर दिया गया है, मात्र 185 शिकायतें ही लंबित हैं। इन शेष शिकायतों पर संबंधित विभागीय अधिकारी प्राथमिकता के साथ कार्रवाई कर रहे हैं।

### होकस हड्डी जांच शिविर में 65 मरीजों की जांच

**भिवानी।** जामपुर सेवा समिति द्वारा अपने मासिक स्वास्थ्य सेवा अभियान के तहत जून माह का निःशुल्क हड्डी जांच शिविर सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में 65 मरीजों की हड्डियों से संबंधित विभिन्न जांचें की गईं और उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया। समिति ने कृष्णा कॉलोनी स्थित डॉ. विद्या सागर चैरिटेबल अस्पताल में आयोजित करवाए गए हड्डी जांच शिविर में बतौर मुख्यतिथि महेंद्र हंस पहुंचे, जिन्होंने रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में कल्याणी अस्पताल गुरूग्राम से डॉ. विक्रांत खन्ना ने अपनी सेवाएं दी।

### समारोह को लेकर दिया निमंत्रण

**भिवानी।** आगामी 13 जुलाई को भिवानी के मेला ग्राऊंड में होने वाले श्रीदक्ष प्रजापति जयंती के प्रदेश स्तरीय समारोह को लेकर निमंत्रण अभियान जोरों पर है। श्रीदक्ष प्रजापति समाज के पदाधिकारी व सदस्यों ने सोमवार को जिले के विभिन्न गांवों में घर-घर जाकर लोगों को भव्य आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। ग्रामीणों को निमंत्रण देते हुए श्रीदक्ष प्रजापति महासभा के प्रधान धर्मबीर ठेकेदार व सतबीर बेरला ने कहा कि भिवानी के लिए महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें प्रदेशभर से श्रीदक्ष प्रजापति समाज के लोग एकत्रित होंगे। इस अवसर पर महाबीर मोखरा, पल्लू मास्टर, पूर्व चेयरमैन मामनचंद, रमेश टांक, बिजेंद्र कुमार, बलवन, सतवीर, सोमबीर, विनोद, मांगेराम, बलजीत, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

एसडीएम नैन ने किया कार्यालयों का निरीक्षण

# अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी निष्ठा एवं लग्न से अपना कार्य करें

आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें ताकि लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ समय पर मिल सके।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम




**तोशाम ।** कार्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम। व निरीक्षण के दौरान विभिन्न कार्यो से आए लोगों से बातचीत करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम डॉ अशवीर नैन ने सोमवार को उपमंडल परिसर में स्थित सरल केंद्र सहित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने विभागाध्यक्षों को रिकार्ड दुरूस्त रखने, आमजन से जुड़े कार्यों का समय पर निपटान करने सहित जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी ईमानदारी, निष्ठा एवं लग्न से कार्य करें।

एसडीएम अशवीर नैन ने एसडीएम एवं तहसील कार्यालय, सरल केंद्र, रजिस्ट्री कार्यालय, नकल शाखा, इंतकाल आदि कार्यो सहित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें ताकि लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ समय पर मिल सके। एसडीएम ने कहा कि ऐसी गतिविधियां निरन्तर जारी रहेंगी। आम जनता के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोई ढिलाई नहीं आने दी जाएगी। एसडीएम ने कहा कि कर्मचारी द्वारा अपने कार्य को पूरा करने में कोताही पाई गई तो बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से जनता की समस्याएं सुने और जन समस्याओं का त्वरित निपटारा करे। एसडीएम ने निर्देश दिए कि सभी फाइलें सुव्यवस्थित ढंग से रखी जाएं व रिकार्ड दुरूस्त रखें। एसडीएम ने कार्यालय परिसर में पेयजल व्यवस्था, शौचालयों का भी निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था को लेकर हिदायत दी। इस दौरान एसडीएम ने आमजन से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान नायब तहसीलदार संजय शर्मा साथ रहे।



ग्रीष्माकालीन कृपाल प्याऊ के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते

## भिवानी बस स्टैण्ड पर चल रही कृपाल प्याऊ का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भीषण गर्मी में आमजन की प्यास बुझाने का पवित्र कार्य कर रही कृपाल प्याऊ का समापन आज भिवानी बस स्टैण्ड परिसर में बड़े ही श्रद्धा और सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ। यह प्याऊ एक जून से निरंतर साधकों द्वारा संचालित की जा रही थी। समापन अवसर पर एडीजे मनीष कुमार ने विशेष रूप से उपस्थित होकर इस सेवा कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी में आमजन प्यास से मरते हैं। ऐसे में साधकों द्वारा लगाए गए इस प्रकार के प्याऊ किसी जीवनदान से कम नहीं हैं। पानी पिलाना परम पुण्य है, और इन साधकों ने निस्वार्थ भाव से यह सेवा की है।

इस दौरान साधकों द्वारा आध्यात्मिक वातावरण बनाए रखने हेतु सत्संग का आयोजन भी किया गया, जिसमें मानव सेवा और सच्चे जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज को जोड़ते हैं और मानवता को जीवित रखते हैं। भिवानी जैसे व्यस्त बस स्टैण्ड पर इस प्याऊ ने न केवल यात्रियों की प्यास बुझाई, बल्कि लोगों में सेवा का भाव भी जगाया। पूरे एक माह तक, साधकों ने स्वयंसेवा के माध्यम से ठंडे जल, छाछ व नींबू पानी का वितरण किया। इस सेवा कार्य के साथ प्रतिदिन सत्संग का आयोजन भी होता रहा जिससे राहगीरों को आध्यात्मिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों का संदेश भी दिया गया।

इस अवसर पर रोहतक, सोनीपत, कलानौर एवं समस्त भिवानी की संगत ने उपस्थित हो कर संत राजिंदर सिंह की शिक्षाओं को याद किया और उनकी दया के लिए शुक्राना किया। भिवानी से हेमंत, सुंदर, प्रशांत, भावना, शैलजा आदि ने इस सेवा में विशेष योगदान दिया।

## बस स्टैंड पर 34 दिवसीय प्याऊ सेवा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सावन कृपाल रुहानी मिशन की भिवानी शाखा ने दयाल पुरुष संत दर्शनसिंह महाराज की याद में 28 मई से 30 जून तक समाजसेवा के उद्देश्य से नया बस स्टैंड में प्याऊ सेवा का आयोजन किया। इस सेवा के माध्यम से भीषण गर्मी में प्यासे राहगीरों व जरूरतमंदों को शीतल जल व शरबत उपलब्ध करवाया। इस पुण्य कार्य में सैंकड़ों सेवाभावी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी सेवाएं व आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मिशन के सेवादारों के साथ-साथ विभिन्न प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारियों ने भी इस सेवा में सक्रिय भागीदारी निभाई।

प्याऊ सेवा में विशेष रूप से सेशन जज भिवानी, रोडवेज महाप्रबंधक, सीजेएम भिवानी, टीएम भिवानी, तीन प्रशिक्षु न्यायिक मजिस्ट्रेट, एक एडीजे सहित कई अन्य न्यायिक अधिकारियों, डॉक्टरों व वकीलों ने इस नेक कार्य में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर समाजसेवा एवं मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। मिशन की भिवानी शाखा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि संत राजिंद्र सिंह महाराज के मार्गदर्शन मे सावन कृपाल रूहानी मिशन समाजसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता है। शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत पवार ने बताया कि इस प्याऊ सेवा की शुरुआत 28 मई को भरत परमार यातायात प्रबंधक ने की थी। 30 मई को दयाल पुरुष संत दर्शनसिंह महाराज की 36वीं बरसी पर दिनभर शरबत बरताया, जिस की शुरुआत भिवानी रोडवेज डिपो के महाप्रबंधक दीपक कुंडू एवं सावन कृपाल रूहानी मिशन के हरियाणा जोन के इंचार्ज पीके बांगिया ने की। इस अवसर पर कलानौर से गगन एवं आकाश हांसी से दीपक अरोड़ा, हिसार से हरीश कुमार, रोहतक से राकेश, हिसार से सरदार बलवंत सिंह, उड़ीसा से मास्टर तुलसी, खरक से कैप्टन रमेश चौहान, सोनीपत से विजय, चांग से पूर्व सरपंच धर्मचंद जांगड़ा, सुंदर जांगड़ा, नवीन जांगड़ा, लोकेश, सिरसाली से भूपेंद्र फोगाट, बिधनोई से रामफल श्योराण, बीरन से अमन सैनी, लक्ष्मी नगर से सज्जन, प्रशांत सरदाना, राजेंद्र शेखावत, प्रवीण तंवर, ढाणा लाडनपुर से सुमित्रा सैनी, भिवानी से शैलजा आदि मौजूद रहे।




बस स्टैंड पर लगाई गई प्याऊ में शीतल जल व शरबत पिलाते सावन कृपाल रुहानी मिशन की भिवानी शाखा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## बीएलजेएस महाविद्यालय के प्राचार्य भारद्वाज को सेवानिवृत्ति पद दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



**तोशाम।** सेवानिवृति पर प्राचार्या को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बनवारीलाल जिंदल सूईवाला महाविद्यालय में प्राचार्य की सेवानिवृत्त पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राकेश कुमार भारद्वाज सोमवार को अपने सेवाकाल से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय ट्रस्ट सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने उनको सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं दी।

प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार भारद्वाज ने लगभग आठ वर्ष पूर्व तोशाम के बनवारी लाल जिंदल सुई वाला महाविद्यालय में बतौर प्राचार्य अपना कार्यभार संभाला था, इससे पहले वह करनाल के दयाल सिंह कॉलेज में प्राचार्य के पद पर रहे। उनके सेवाकाल में महाविद्यालय शिक्षा, सांस्कृतिक, खेल आदि क्षेत्रों में प्रगति की है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने फूल-मालाएं एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते हुए उनको बधाई दी और सेवानिवृत्त जीवन में स्वस्थ, सुखद जीवन की कामना करते हुए साथ ही उनके कार्यकाल में महाविद्यालय में हुए विकास कार्यों की भूरी-भूरी प्रसंशा की। प्राचार्य ने अपने कार्यकाल में स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपने हर कार्य को अपनी जिम्मेदारी मान कार्य करके मेरा सहयोग किया और संस्था को हर क्षेत्र में विकसित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक डॉ. विपुल शर्मा, महिला महाविद्यालय तोशाम के प्राचार्य डॉ. मंजीत सिंह, सुरेंद्र भारद्वाज, यशपाल महता, जसवंत सिंह, अकाउंटेंट अनिल गोयल, बबीता भारद्वाज, साहिल भारद्वाज, महेंद्र सिंह, अश्वनी कुमार, श्याम वशिष्ठ, अमित भोलान, राजपाल, सुनील जांगड़ा आदि सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## बिजली टॉवरों को लेकर एसकेएम व एडीएम के बीच हुई बैठक, पॉवर ग्रिड के अधिकारी नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



संयुक्त किसान मोर्चा व एसडीएम के बीच सोमवार को तोशाम में बिजली टावरों को लेकर बैठक हुई। जिसमें पावर ग्रिड अधिकारी नदारद रहे। पावर ग्रिड अधिकारियों के मीटिंग में ना आने से किसानों में भारी आक्रोश रहा।

सयुंक्त किसान मोर्चा के नेता मास्टर जगरोशन और रवि आजाद के नेतृत्व में सैकड़ो किसान बातचीत के लिए निर्धारित समय पर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। पावर ग्रिड अधिकारियों की अनुपस्थिति में उपमंडल अधिकारी अशवीर नैन व सयुंक्त किसान मोर्चा के मध्य विस्तृत बातचीत हुई। बातचीत के दौरान मास्टर जगरोशन व रवि आजाद ने बताया कि पावर ग्रिड की वर्तमान क्षतिपूर्ति पॉलिसी से किसान सहमत नहीं है और उन्होंने प्रस्ताव रखा है कि उपायुक्त के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव व मुख्यमंत्री से बातचीत करवाई जाए, ताकि किसान अपनी बात उनके सामने रख सके। जब तक किसान पूरी तरह से सहमत ना हो जाए तब तक किसानों के खेत में किसी तरह का निर्माण कार्य न शुरू किया जाए और काम शुरू करने से पहले फसल के नुकसान की अग्रिम भरपाई की जाए। एसडीएम ने कहा कि सप्ताह में उपायुक्त के माध्यम से बातचीत करवाई जाएगी। किसान नेताओं ने जोर देते हुए कहा कि ठेकेदारों द्वारा किसानों की फसल उजाडऩे के मामले में मुकदमा दर्ज किया जाए।

## डीसी ने जिले के विकास व जन कल्याण के लिए किए अथक प्रयास : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी के कर्तव्यनिष्ठ उपायुक्त महाबीर कौशिक को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर बाग कोठी स्थित विधायक घनश्याम सर्राफ के आवास पर सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। भाजपा स्वच्छता विभाग के जिला संयोजक रमेश सैनी ने बताया कि इस अवसर पर विधायक ने महाबीर कौशिक के पूरे कार्यकाल की जमकर सराहना की और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। समारोह के दौरान विधायक ने महाबीर कौशिक स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि महाबीर कौशिक ने अपने कार्यकाल के दौरान भिवानी जिले के विकास और जन कल्याण के लिए अथक प्रयास किए।

उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और लोगों को राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विधायक ने यह भी बताया कि कौशिक ने पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम किया, जिससे जनता का प्रशासन में विश्वास बढ़ा। महाबीर कौशिक ने भिवानी के लोगों और जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का उनके सहयोग और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।



**भिवानी ।** उपायुक्त को सम्मानित करती विभिन्न सामाजिक संस्थाएं के लोग। फोटो : हरिभूमि

समारोह का समापन एक सहभोज के साथ हुआ, जहां सभी ने एक-दूसरे से बातचीत की और डीसी कौशिक के साथ बिताए पलों को याद किया। इस अवसर पर प्रेमलता सर्राफ, अमन सर्राफ, मीतू, सुभाष गायक, अमित खेमका, पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार, दिनेश जांगडा, रामू जेवड़ीवाला, आनंद तंवर, ललित चौहान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



## थैलीसीमिया मुक्त समाज बनाने के सेमिनार में मनीष वर्मा को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**भिवानी।** एक कदम थैलीसीमिया मुक्त समाज की ओर अभियान के तहत रोहतक स्थित डेरा बाबा लक्ष्मणपुरी गोकर्ण धाम में हम और आप सोसायटी तथा रक्तगिरि फाउंडेशन के सयुक्त तत्वाधान में नेशनल थैलीसीमिया सेमिनार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में देशभर के 12 से अधिक राज्यों, पीजीआई रोहतक, लखनऊ, दिल्ली, लुधियाना, उत्तराखंड से आए रक्तवीर योद्धाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर रक्तवीर मनीष वर्मा व शतकवीर रक्तदाता राजेश डूडेजा को रक्तदान के क्षेत्र में किए सराहनीय कार्यो के चलते सम्मानित किया। सेमिनार के दौरान थैलीसीमिया रोग की रोकथाम के बारे में जागरूक करने और इसे राष्ट्रीय स्तर पर नियंत्रित करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया। रक्तदाताओं के प्रयासों से थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों और वयस्कों को नियमित रक्त आधान प्राप्त करने में मदद मिली है जो उनके जीवन को बचाने और बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर गौकर्ण धाम से स्वामी कपिल पुरी, परमानंद स्वामी, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, राजेश जैन, सीएमओ रोहतक रमेश चंद्र आर्य, पुष्कर रक्तगिरि फाउंडेशन और विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## 101 दिवसीय परिक्रमा 37 वें दिन रही जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम एवं युवा जागृति एवं एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में शुरू की गई 101 दिवसीय धार्मिक व सामाजिक परिक्रमा सोमवार को 37वें दिन भी जारी रही। इस दौरान स्थानीय हनुमान गेट पर गुरु रविदास एवं बाबा नत्थू नाथ मंदिर की तरफ से अधिवक्ता सुरेश मेहरा, पवन डेहनीवाल, सपन छाछियां, राजू मेहरा, संत कुमार आदि ने परिक्रमा का स्वागत किया गया तथा इसे धाार्मिक व सामाजिक संदेश के प्रचार-प्रसार के लिए सराहनीय कदम बताया। इस मौके पर बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने कहा कि इस प्रकार की यात्रा ना केवल भक्ति का माध्यम साबित होती है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का भी जरिया साबित होती है। उन्होंने कहा कि बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इसमें भाग लेकर सनातन धर्म की परंपराओं को सहेजते हैं। चरणदास ने बताया कि यह शहर के रोहतक गेट, महम गेट, दादरी गेट, तिगड़ाना गेट, हांसी गेट, रेल दरवाजा, दिनोद गेट, देवसर गेट, हलवास गेट, पतराम गेट, हनुमान गेट, बेरी गेट, बावड़ी गेट आदि 12 दरवाजों व राह में आने वाले विभिन्न मंदिरो को प्रणाम करते हुए वापिस हनुमान जोहड़ी मंदिर में ही संपन्न होती है। इस अवसर पर राजेन्द्र संभ्रवाल, धर्मवीर दहिया, रमेश सैनी, विजय सिंहमार, मास्टर हरेंद्र पुनिया, मास्टर सुरेन्द, हरीश शांडिल्य, मोनू परमार आदि मौजूद रहे।

संगठनों ने वृद्ध सम्मान दिवस के रूप में मनाई पूर्वमंत्री पंडित संतराम की पुण्यतिथि

# चौधरी बंसीलाल पार्क में दस बुजुर्गों को माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया

स्वर्गीय पंडित संतराम शर्मा की 27वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जीवन ज्योति फाउंडेशन व म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान, एक विचार एक सोच मंच द्वारा संयुक्त रूप से हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे एवं पूर्वमंत्री स्वर्गीय पंडित संतराम शर्मा की 27वीं पुण्यतिथि सोमवार को वृद्ध सम्मान दिवस के रूप में मनाई। चौधरी बंसीलाल पार्क में दस वृद्धों का मार्ल्यापण कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

इस दौरान पार्क में उनकी याद में पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समारोह में मुख्यतिथि के रूप में म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के अध्यक्ष हनुमान कौशिक रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष एवं बीके धर्मबीर सिंह नागर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जीवन ज्योति फाउंडेशन के अध्यक्ष सोमवीर शर्मा रहे।



**भिवानी ।** चौधरी बंसीलाल पार्क में हिमाचल प्रदेश के कद्दावर नेता एवं पूर्वमंत्री स्वर्गीय पंडित संतराम की पुण्यतिथि पर पौधरोपण करते विभिन्न जनसंगठनों के प्रतिनिधि।

कौशिक ने कहा कि पंडित संतराम शर्मा हिमाचल प्रदेश के कद्दावर नेता रहे हैं और वीरभद्र सिंह के बेहद करीबी रहे। पंडित संतराम को प्रदेशभर की जनता पंडितजी के नाम से जानती थी। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में पंडित संतराम का प्रभाव इस बात से समझा जा सकता है कि 30 जून 1998 को उनके निधन के वक्त मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह ने कहा था कि संतराम का निधन ऐसा है, जैसे उनके शरीर से बाजू का अलग हो जाना। साल 1944 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हुए पंडित संतराम ने 54 साल तक सक्रिय राजनीति की।

पंडितजी हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे। इसके अलावा छह बार विधायक निर्वाचित हुए और मंत्रीमंडल में चार बार अहम मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली। पंडितजी के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके पुत्र सुधीर शर्मा हिमाचल प्रदेश की राजनीति में अहम स्थान रखते हैं। वे पांच बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। बीके धर्मबीर नागर ने कहा कि पंडितजी की पुण्यतिथि वृद्ध सम्मान दिवस के रूप में मनाई गई है।

### पंडितजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए

इस अवसर पर वृद्धों को मार्ल्यापण कर व शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया, जो बहुत ही नेक व पुण्य का कार्य है। जीवन ज्योति फाउंडेशन के अध्यक्ष सोमवीर शर्मा ने कहा कि पंडित संतराम न केवल जिला कांगड़ा के नेता थे, बल्कि पूरे प्रदेश की राजनीति पर उनका वर्चस्व था, ये बात खुद हिमाचल प्रदेश की राजनीति में राजा के नाम से मशहूर वीरभद्र सिंह भी कहा करते थे। इस अवसर पर शेखर शर्मा, नत्थुराम सैनी, रामकुमार प्रजापति, रामजीलाल जेई, हरिराम, संजू, अजय पंडित, बनवारीलाल लखेरा, रणसिंह, जितेन्द्र वालिया, विजय, प्रेम शर्मा, प्रेम मारोठिया, मुकेश मेहरा, दीपक खुंडिया, कमल कांगड़ा आदि ने पंडितजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## खबर संक्षेप

### आयोजित होगी 11वीं वार्षिक प्रतियोगिता

**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा मानवाधिकारों को लेकर लघु फिल्मों के लिए 11वीं वार्षिक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 है। प्रतियोगिता का उद्देश्य मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए भारतीय नागरिकों के रचनात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।

### दीपक बामल को हरियाणा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी

**भिवानी।** करणी सेना ने महत्वपूर्ण संगठनात्मक बदलाव करते हुए भिवानी निवासी दीपक बामल को हरियाणा इकाई का प्रभारी नियुक्त किया है। बामल अब तक करणी सेना के किसान शक्ति के राष्ट्रीय प्रभारी महाराष्ट्र प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे, ये नई जिम्मेदारी उनकी संगठन के प्रति निष्ठा और विभिन्न मोर्चों पर उनके प्रभावशाली कार्य को दर्शाती है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए मांगे आवेनद

**चरखी दादरी।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026 (कक्षा-6) के लिए समय पर आवेदन अवश्य करें। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि जिले के सरकारी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत विद्यार्थी, जिन्होंने 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच जन्म लिया हो, वे आवेदन के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है।

### नशामुक्त उपमंडल बनाने का संकल्प

**बाढड़ा।** कस्बे के एसडीएम कार्यालय में प्रशासन की अपील पर सामाजिक संगठनों की बैठक आयोजित कर आमजन व प्रशासन ने संयुक्त रुप से मुहिम चलाकर नशामुक्त उपमंडल बनाने का संकल्प लिया। कस्बे के जुई रोड़ स्थित उपमंडल कार्यालय पर एसडीएम की अध्यक्षता में जिले के सभी सामाजिक संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित कर उपमंडल के हर गांव को नशे से मुक्त रखने पर सलाह मशवरा किया तथा आमजन से मिले सुझावों के बाद धरातल पर उतर कर सजगता व जागरुकता बरतने का फैसला लिया।

### इनेलो कार्यकर्ता पंचकूला के लिए आज होंगे रवाना

**बाढड़ा।** प्रदेश सरकार द्वारा बढाई गई बिजली दरों को वापस लेने की मांग को लेकर प्रदेशभर के ग्राम स्तर के सभी पदाधिकारी आज पंचकूला के ऊर्जा भवन पर पहुंच कर सरकार की जनविरोधी फैसले को वापस लेने की मांग करेंगे। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, विधायक आदित्य देवीलाल की अगुवाई व राष्ट्रीय अध्यक्ष अभयसिंह चौटाला के नेतृत्व में इस विरोध मार्च प्रत्येक गांव से रिकार्ड स्तर की भागीदारी होगी।

यह बात इनेलो प्रदेश महासचिव व नप के पूर्व चेयरमैन विजय पंचगावां ने क्षेत्र के जनसंपर्क अभियान व विरोध प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र में विश्वास नहीं कर रही है और मनमाने फैसले लेकर जनता पर थोपने का काम किया जा रहा है।

---

समिति के सदस्यों ने नागरिक अस्पताल के आपात विभाग के सामने प्रदर्शन किया

# मांगें नहीं मानने पर बिफरी चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल बचाओ संघर्ष समिति

नागरिक अस्पताल में ओपीडी पुन: चालू करवाने सहित अनेक मांगें उठाई, मांगे नहीं मानी तो अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को होंगे मजबूर: देवराज



**भिवानी।** नागरिक अस्पताल में प्रदर्शन करते चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल बचाओ संघर्ष समिति की ओर से नागरिक अस्पताल में ओपीडी पुनः चालू करवाने, चारों नई लिफ्ट शीघ्र लगवाने व अल्ट्रासाउंड के दो डॉक्टर व दो मशीनों को लाने की मांग को लेकर सोमवार को अस्पताल के आपात विभाग के सामने प्रदर्शन किया तथा दो घंटें धरना दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापारी नेता एवं समिति के सहसंयोजक देवराज महता ने की। जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश व चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल बचाओ समिति के सहसंयोजक देवराज महता ने कहा कि चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में पुनः ओपीडी शुरू करने, चार नई लिफ्टें शीघ्र लगवाने और दो अल्ट्रासाउंड मशीन व दो अल्ट्रासांडड के डॉक्टरों को लगाने व साफ सफाई रखने तथा पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त संख्या में विशिष्टि डॉक्टरों व पैरा मेडिकल स्टाफ भर्ती की मांग को लेकर वे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को ज्ञापन भेज चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी मांगें नहीं मानी गई है।

उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन के पास चार नई लिफ्ट लगाने वास्ते 70 लाख रुपये आ चुके हैं, अस्पताल प्रशासन को शीघ्र टेंडर जारी करके नई चार लिफ्टों को लगवाना चाहिए, ताकि मरीजों व उनके तीमारदारों को कोई परेशानी न हो सके। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन व सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो वे अस्पताल प्रांगण में अनिश्चितकालीन धरना देने पर मजबूर होंगे।

**प्रदर्शन में ये रहे मौजूद**

प्रदर्शन व धरने में समाजसेवी सुरेन्द्र परमार, समिति के सदस्य बिजेंद्र मिताथल, अशोक कुमार ढोला, कामरेड रवि खन्ना, युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमलसिंह प्रधान, पूर्व पार्षद बलवान, किसान सभा के रामफल देशवाल, महिला नेत्री संतोष देशवाल, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह, राज्य महासचिव रतन जिंदल, मजदूर नेता कामरेड अनिल, वीरेन्द्र ग्रेवाल, सुरेंद्र सोनी, राजेन्द्र शर्मा, अजय महता, राजू, सुशील सरदाना, महेश महता, अशोक जोगी व युवा नेता अनुराग आदि मौजूद रहे।

## माकपा ने बढ़ी बिजली दरों को वापस करवाने, बिजली की पर्याप्त आपूर्ति दुरूस्त करने को किया प्रदर्शन

- भिवानी विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता के माध्यम से विद्युत विनियामक आयोग को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** शहर में विरोध प्रदर्शन करते मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की भिवानी जिला कमेटी ने भिवानी में दक्षिण हरियाणा विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदशर्न कर हाल ही में बढ़ाई गई बेतहाशा बिजली दरों को वापस करवाने, पर्याप्त बिजली आपूर्ति बहाल करवाने, दो माह की बजाय हर माह बिजली बिल जारी करने सहित अनेक मांगों को लेकर अधीक्षण अभियंता के माध्यम से हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग पंचकुला के पास ज्ञापन भिजवाया। ज्ञापन अधीक्षण अभियंता की तरफ से कार्यकारी अभियंता संदीप दलाल को सौंपा। पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश, सचिव मंडल सदस्य सुखदेव पालुवास, कामरेड अनिल कुमार व रिटायर्ड बिजली कार्यकारी अभियंता सज्जन कुमार सिंगला ने कहा कि हाल ही में विद्युत विनियामक आयोग ने विभिन्न स्लैब खपत में प्रति यूनिट 0 से 150 यूनिट पर 20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ा दिए और आगे 40 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाकर 7.10 रुपये प्रति यूनिट कर दिए। उन्होंने कहा कि एफएसए 47 पैसे प्रति यूनिट लगाकर, नपा टैक्स, इलिक्ट्रीसीटी ड्यूटी, फिक्सड चार्ज 75 रुपये प्रति किलोवाट पर लोड लगाने के बाद बिजली 8.50 रुपये प्रति यूनिट हो गई। लघु उद्योग व छोटे दुकानदारों पर 45 पैस प्रति यूनिट रेट बढ़ा दिया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सीपीआई के जिला सचिव फूलसिंह इंदोरा, रिटायर्ड कर्मचारी राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह, रतन कुमार जिंदल, जिला प्रधान नरेश शर्मा, राजबीर कादियान, माकपा जिला कमेटी सदस्य संतोष देशवाल, रामफल देशवाल, कांग्रेस सेवा दल प्रधान बिजेन्द्र मिताथल, महिला नेत्री अनुराधा, युवा नेता अनुराग, सतबीर चालिया, प्रतापसिंह सिंहमार, चांदीराम, राजाराम, रामचंद्र सैनी, बलवान दरोगा, ओमप्रकाश दलाल, भीमसिंह व किसान नेता महाबीर फौजी आदि शामिल रहे।

---

## नशामुक्ति को लेकर बैठक में मंथन

- एसडीएम ने दिए प्रभावी जागरूकता अभियान एवं सख्त कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी


**चरखी दादरी।** बैठक में नशीले पदार्थों की रोकथाम के निर्देश देते एसडीएम डॉ. वीरेंद्र सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

जिले में नशीले पदार्थों के सेवन की रोकथाम और युवाओं को नशे की लत से बचाने के उद्देश्य से एसडीएम डॉ. वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकोर्ड कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारियों, शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में नशे के खिलाफ समन्वित रणनीति बनाने और जागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीएम ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में शिक्षण संस्थानों और खेल विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक, सेमिनार, और हेल्पलाइन नंबरों की सूचना प्रॉमीनेंटली चस्पा की जाए ताकि विद्यार्थी नशे के दुष्परिणामों से सचेत हो सकें। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों को निर्देश दिए कि यदि ड्रग्स की बिक्री या सेवन से संबंधित कोई सूचना प्राप्त होती है, तो वह सीधे उन्हें या संबंधित पुलिस अधिकारियों को सूचित करें।

## किसान संगठनों ने सीएम को ज्ञापन भेजा

- बकाया मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा


**बाढड़ा।** मांगों को लेकर मांगपत्र सौंपते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

रबी सीजन के ओलावृष्टि प्रभावित रकबे के पीड़ित किसानों को समय पर मुआवजा न जारी करने, कृषि क्षेत्र के छह करोड़ की राशी जमा करवाने के बावजूद ट्यूबवैल कनेक्षन न करने, हिसार के एचएयू में प्रशासन द्वारा निर्दोष छात्र-छात्राओं पर लाठीचार्ज, बिजली दरों में वृद्धि करने व बीडीपीओ कार्यालय पर धरना देकर अधिकारियों पर दबा डालने जैसे फैसलें लेकर सरकार तानाशाही का परिचय दे रही है। भाकियू ने सीएम नायब सिंह सैनी को ज्ञापन भेजकर सरकार से इन लंबित मांगों का तुरंत समाधान करने की मांग करती है वरना जल्द ही राज्य स्तरीय पंचायत आयोजित कर सरकार के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा। यह बात भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा की अध्यक्षता में किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने कस्बे के किसान भवन से उपमंडल कार्यालय तक रोष मार्च निकाल कर एसडीएम कार्यालय के समक्ष रोष सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार अपने व कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए बीमा कंपनियों के अनेक फायदे बताती है लेकिन पिछले वर्ष 2023, वर्ष 2024 व मौजूदा वर्ष 2025 की अलग अलग समय में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित रकबे के पीड़ित किसानों को मुआवजा नहीं दिया जा रहा है जिससे किसानों का लगभग पच्चास करोड़ की चपत लगी है। यह देरी किसान हितों के कुठाराघात व निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने की नियत है।

**ये रहे मौजूद**

रोष सभा में भाकियू महासचिव ओमप्रकाश उमरवास, नंबरदार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष राजबीर सिंह हंसावास, पूर्व सरपंच गिरधारी मोद, सुधीर, जगबीर सिंह, अभय सिंह, राम अवतार लाड, संदीप कारीमोद, आनंद वालिया, पूर्व सरपंच वेदप्रकाश, कमलसिंह हड़ौदी, सतबीर बाढड़ा आदि मौजूद रहे।

---

## स्वच्छ भारत मिशन 2.0 में सफाई अपनाओ एवं बीमारी भगाओ पहल शुरू

- शहरी आवास मंत्रालय के तत्वावधान में 1 से 31 जुलाई तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

मानसून आते ही साफ-सफाई और स्वच्छता की चुनौतियां बढ़ जाती हैं। इसके साथ ही जलजनित और वेक्टर जनित बीमारियों का प्रसार भी बढ़ जाता है। मानसून से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए सक्रिय उपायों के महत्वपूर्ण महत्व को पहचानते हुए शहरी आवास मंत्रालय के तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 ने सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान 31 जुलाई तक चलेगा।

इस पहल का उद्देश्य मानसून के मौसम में स्वच्छता और बीमारियों से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए शहरी स्थानीय निकायों की तैयारी को बढ़ाना है। जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य शहरी स्थानीय निकायों की तैयारियों को बढ़ाना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे जून से अगस्त के महीनों के दौरान भारी बारिश और बढ़े हुए स्वास्थ्य जोखिमों से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। उन्होंने कहा कि 4 सप्ताह तक चलने वाली मानसून-पूर्व और मानसून-पूर्व तैयारियों की गतिविधियों में डायरिया प्रबंधन पर विभिन्न लॉन्चिंग कार्यक्रम, बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए अभियान, सरकारी अधिकारियों को जल प्रबंधन, स्वच्छता और सफाई शामिल हैं।

## अर्जुन सिंह को दी भावभीनी विदाई

- 37 वर्षों की सेवा उपरांत पशुपालन विभाग से सेवानिवृत्त हुए अर्जुन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



37 वर्ष 7 माह पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग में सेवा उपरांत अर्जुन सिंह स्वीपर के पद से सेवानिवृत्त हो गए। अर्जुन सिंह ने पशु चिकित्सालय मिरान में ज्वाइन किया था और अब पशु चिकित्सालय गौशला से सेवानिवृत्त हो गए। सोमवार को अर्जुन सिंह का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गौशाला ट्रस्ट भिवानी के प्रधान मोहनलाल बुवानीवाला ने की तथा मंच का संचालन अनिल सांगवान ने किया। इस मौके पर मोहनलाल बुवानीवाला ने कहा कि अर्जुन सिंह हमेशा गौशाला में गौसेवा में लगे रहते थे तथा उम्मीद करते है कि रिटायर होने के बाद भी गौसेवा करते रहेंगे। इस मौके पर पशु चिकित्सालय इंचार्ज डा. विजय सनसनवाल ने कहा कि अर्जुन सिंह बहुत ही ईमानदार व कार्य के प्रति निष्ठावान रहे है। नई पीढ़ी को उनसे सीखना चाहिए। गौशाला विकास अधिकारी मोहनलाल बलसेरा ने अर्जुन सिंह के बारे में बताया कि वे गर्मियों में पक्षियां के लिए सकोरे टांगते है और उनमें पानी भरते है। पौधारोपण उनका शोक है तथा वे आगे भी इसे बरकरार रखें। इस मौके पर रत्नपाल, प्रीति, कुसुम, रीतू, किताबो, राजेंद्र वर्मा, राजकुमार, अनुप, अरूण, राधेश्याम, अशोक, मुकेश, संजय, सुनील, लक्ष्मीनारायण, निखिल, नरेंद्र, सविन, अंकित आदि उपस्थित रहे।

## मॉडल संस्कृति व पीएम श्री स्कूलों में नियुक्ति को लेकर हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- बनाए गए थे 42 परीक्षा केंद्र 12,320 अभ्यर्थी प्रविष्ट हुए

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति एवं पीएम श्री स्कूलों में नियुक्ति के लिए शिक्षकों व प्राचार्यों के चयन हेतु लिखित परीक्षा 42 परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 2:00 बजे से सांय 3:30 बजे तक संचालित करवाई गई। यह परीक्षा सुव्यवस्थित व नकल-रहित संचालित हुई। इस आशय की जानकारी देते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष श्री सतीश कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल, ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेश के 06 प्रमंडलीय मुख्यालय (हिसार, रोहतक, अम्बाला, करनाल, गुरूग्राम व फरीदाबाद) जिलों में राजकीय मॉडल संस्कृति एवं पीएम श्री स्कूलों के लिए 42 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के लिए प्रदेश में मॉडल संस्कृति व पीएम श्री स्कूलों को चुना गया है। इन स्कूलों के रिक्त हुए और नवसर्जित पदों पर भर्ती के लिए शिक्षकों से ऑनलाइन ड्राईव के तहत आवेदन मांगे गए थे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड पहली बार इस तरह की स्क्रीनिंग परीक्षा ली गई है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा की 5 अलग-अलग श्रेणियों के लिए कुल 12,320 अभ्यर्थी प्रविष्ट हुए।

---

डीसी ने हमेशा सामाजिक कल्याण को दी प्राथमिकताः सचिव प्रदीप

# उपायुक्त की सेवानिवृत्ति पर 47 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते डीसी महाबीर कौशिक, साथ में रैडक्रॉस सचिव प्रदीप, संजय कामरा व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

उपायुक्त महाबीर कौशिक की सेवानिवृत्ति पर उनके सम्मान में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा सोमवार को रैडक्रॉस भवन में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस नेक पहल का उद्देश्य उपायुक्त के जनसेवा के प्रति समर्पण को श्रद्धांजलि अर्पित करना और रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। शिविर में 47 युवाओं ने रक्तदान किया, जो समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। बतौर मुख्यतिथि उपायुक्त महाबीर कौशिक ने अपनी पुत्रियां वाजिशा कौशिक, सक्षम कौशिक व दामाद चंदन सिंह सहित शिरकत की तथा अध्यक्षता जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने की। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

**रक्तदान शिविर का आयोजन करना गर्व की बात**

कार्यक्रम के दौरान जिला रैडक्रॉस सोसायटी की टीम ने उपायुक्त कौशिक को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। रेडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि उपायुक्त कौशिक की प्रेरणा और सामाजिक कार्यों में उनकी गहरी रुचि को देखते हुए ये शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि उपायुक्त कौशिक ने हमेशा सामाजिक कल्याण को प्राथमिकता दी है, और उनके सम्मान में रक्तदान शिविर का आयोजन करना हमारे लिए गर्व की बात है। सचिव ने कहा कि यह आयोजन ना केवल उपायुक्त को एक सम्मानजनक विदाई देने का एक तरीका था, बल्कि इसने समुदाय को एक साथ आने और एक नेक काम में योगदान करने के लिए भी प्रेरित किया। सचिव प्रदीप ने कहा कि महाबीर कौशिक ने हमेशा ही समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया है तथा यह उनके लिए रैडक्रॉस की टीम की तरफ से एक छोटा सा योगदान है। इस मौके पर उपायुक्त महाबीर कौशिक ने रक्तदाताओं और जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रयासों की सराहना की। रैडक्रॉस सचिव प्रदीप व आरआईसीटी के प्रबंधक संजय कामरा सहित अनेक स्टाफ सदस्यों ने डीसी कौशिक को स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा दान है, उन्हें खुशी है कि उनकी सेवानिवृत्ति पर ये महत्वपूर्ण कार्यक्रम हुआ।

## केशव नाथ ने किया पौधरोपण

- महंत योगी केशवनाथ महाराज ने युवाओं को साथ लेकर पौधरोपण अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ढिगावा मंडी


**ढिगावा मंडी।** गांव ढाणा जोगी के शिव धाम में पौधरोपण करते हुए महंत व अन्य।

रविवार को वर्षा ने जहां मौसम को सुहाना बना दिया है वहीं आमजन में हरियाली के प्रति उमंग भी जाग उठी है। खेत-खलिहान से लेकर गली-मोहल्लों तक अब एक ही चर्चा है पौधे लगाओ, पर्यावरण बचाओ।

राजस्थान के साथ लगता लोहारू, ढिगावा मंडी, बहल में बालू रेत में लोग अब सिर्फ बारिश का आनंद नहीं ले रहे हैं बल्कि पर्यावरण संरक्षण की ओर भी कदम बढ़ा रहे हैं। क्षेत्र के गांव ढाणा जोगी में स्थित बाबा बाड़ी नाथ आश्रम के 32 दूनी के पंच महंत योगी केशवनाथ महाराज ने गांव के ग्रामीण और खासकर युवाओं के साथ मिलकर पौधारोपण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण व आसपास के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। रविवार को वर्षा के बाद शिव धाम में करीब दो एकड़ क्षेत्रफल में बड़, पीपल, निम की त्रिवेणी के साथ सैकड़ो विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। महंत योगी केशव नाथ महाराज ने बताया कि इस बार लोगों में पौधारोपण को लेकर ऐसा जोश है कि मानो हर कोई हरियाली का सिपाही बन गया हो। ढिगावा मंडी, अमीरवास, ढिगावा जाटान, ढिगावा श्यामयान, बूढ़ेड़ा, मनफरा, नकीपुर, पहाड़ी, ढाणा जोगी, सेहर, बरालू, दमकोरा, झंझड़ा हसनपुर, सिघानी, गिगनाऊ, कुड़ल, बड़दू चेना, बड़दू धीरजा, बड़दू पूर्ण, भुंगला, ढाणी लक्ष्मण, गोठड़ा आदि गांव में पौधों को विभिन्न स्कूलों, सरकारी कार्यालयों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जाएगा।